कार्यालय,
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
प्रतापगढ

संख्या– 528 /हे0वे0से0/2020–21 दिनांकः– 13/8/2021

–::विज्ञप्ति::–

**अन्तिम तिथिः–सामाचार पत्र मे विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन तक।**

**(अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला हेतु भर्ती)**

शासनादेश संख्या–आ0मि0–119/96–आयुष–2–2020–127/2016 आयुष अनुभाग–2 दिनांक–19 अक्टूबर 2020 एवं शासनादेश संख्या–W–81/96–आयुष–2–2020–127/2016 दिनांक–04.12.2020 के कम में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत उ0प्र0 राज्य आयुष के आदेश संख्या–577(1)/301/मि0नि0/2020–21 दिनांक–20 अक्टूबर 2020 के कम में जनपद प्रतापगढ में संचालित आयुष स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) पर एक मुश्त आवर्ती पारिश्रमिक के आधार पर योग प्रशिक्षक पुरूष एवं योग प्रशिक्षक महिला (अंशकालिक) के पदों पर आबद्धीकरण अनुबन्ध के आधार पर निम्नलिखित नियम एवं शर्तो के अधीन आमंत्रित किये जाते है।

| क0 सं0 | पदनाम | मानदेय | पदों की संख्या | नियुक्ति की अवधि | शैक्षिक अर्हता, उम्र की सीमा, योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक (पुरूष) (अंशकालीन) | 8000/– प्रतिमाह | 7 (अन्तू, मनगढ, जेठवारा, बछुआ, जामताली, उडैयाडीह, डिघवट हेतु) | एक वर्ष (योजना आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है, अतः अवधि का निर्धारण आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जायेगा ) | 1–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/सस्थाओं से 5½ वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक सांइस (B.N.Y.S.) डिग्रीधारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>2–बी0ए0 (योग) 3 वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0(योग) 3 वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0(योग)/ एम0ए0 (योग) डिग्री धारक अनुभव–एक वर्ष<br>अथवा<br>3–पी0जी0 डिप्लोमा धारक (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयकम) अनुभव–2 वर्ष<br>4–योग सर्टिफिकेशन बोर्ड नई दिल्ली द्वारा योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर प्रमाण पत्र धारक। अनुभव–1 वर्ष<br>नोट–1–हेल्थ वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।<br>2–कार्य का अनुभव प्रमाणपत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण/प्राप्त करने के उपरान्त का ही मान्य होगा<br>उम्र–न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष तक की उम्र का स्वस्थ्य अभ्यर्थी होना चाहिए। |
| 2 | योग प्रशिक्षक (महिला) (अंशकालीन) | 5000/– प्रतिमाह | 6 (मनगढ, जेठवारा, बछुआ, जामताली, उडैयाडीह, डिघवट हेतु) | –तदैव– | –तदैव– |

नियम एवं शर्ते –

1– यह नियुक्तियां न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।

2– योग प्रशिक्षक को प्रतिमाह हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, स्कूल, व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 1घण्टे वाले न्यूनतम 32 योग कक्षायें आयोजित करने होंगें।

3– योग प्रशिक्षक महिला को महिला समूह के लिए प्रति सत्र न्यूनतम 1 घण्टे के वाले न्यूनतम 20 योग कक्षायें आयोजित करने होंगें।

3– राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी निर्देशानुसार अन्य कार्य।

4– **आरक्षण**–उ0प्र0 में अनुसूचित जाति/जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग को शासन द्वारा निर्गत समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार योग प्रशिक्षक के आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा, परन्तु प्रार्थना पत्र न मिलने की दशा में उपलब्ध उपयुक्त अभ्यर्थियों का आबद्धीकरण किया जायेगा।

5– योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला (अंशकालीन) की सेवायें सन्तोषजनक न पाये जाने पर एक माह की नोटिस देकर सेवा समाप्त की जा सकेगी।

6– चयनित होने के उपरान्त 15 दिन के अन्तर्गत आबद्धीकृत हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर अनुबन्ध करते हुए कार्यभार ग्रहण करना होगा। उक्त कालावधि में कार्य आरम्भ नही करने पर आबद्धीकरण स्वतः समाप्त हो जायेगा।

7– सम्बन्धित योग प्रशिक्षक (अंशकालीन) का चरित्र सत्यापन कराया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में अनुबन्ध प्राधिकारी द्वारा आबद्धीकरण बिना कोई कारण बताये तुरन्त रद्द कर दिया जायेगा।

8– यदि किसी बिना विशिष्ट कारण के और बिना सूचना के अपने कार्य से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसका आबद्धीकरण अनुपस्थिति की तिथि से रद्द कर दिया जायेगा।

9– कार्यकाल की अवधि–एक वर्ष के लिए अनुबन्धित किया जायेगा। योजना के निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य 15 दिवस का अन्तराल अवश्य रखा जायेगा।

10– आवेदन पत्र के साथ अपना पता लिखा दो लिफाफा 23X10 सेमी0 जिस पर 30/–रूपये का डाक टिकट लगा हो अवश्य संलग्न करें। लिफाफे पर आवेदित पर का नाम अवश्य लिखें।

11– अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि के अन्दर केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें।

12– साक्षात्कार की तिथि, स्थान एवं समय की सूचना बाद में दी जायेगी।

13– आवेदन पत्र भेजने का पता– कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी 449, अवध निवास विवेक नगर प्रतापगढ उ0प्र0 पिन कोड–230001

14– आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।

15– आवेदन पत्र का प्रारूप Pratapgarh.nic.in से डाउनलोड करे।

16– आवेदन पत्र के उपयुक्त/अनुपयुक्त होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी को होगा।

17– साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

18– तैनाती स्थान का निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

**(डा0 सरोज शंकर राम)**
**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी**
**प्रतापगढ़**

# योग प्रशिक्षक (पुरूष)/योग प्रशिक्षक (महिला) के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साइज कलर फोटो स्वप्रमाणित |
|---|

1– अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)–..............................................................................

(अग्रेंजी कैपिटल लेटर में)–..............................................................................

2–पिता/पति का नाम–..............................................................................

3–पता–(क)–स्थायी..............................................................................

..............................................................................

..............................................................पिनकोड..............................

(ख)–पत्र व्यवहार का पता–..............................................................................

..............................................................................

..............................................................पिनकोड..............................

4– जन्मतिथि–..............................................................................

5– दिनांक–01.12.2020 को आयु–वर्ष..................माह...................दिन.......................

6– मोबाईल नं0–..........................................................व्हाट्सप नं0–..........................................................

7– ई–मेल आई0डी0..............................................................................

8– राष्ट्रीयता–.......................आरक्षित श्रेंणी (ओ0बी0सी0/अनुसूचित जाति/जनजाति..............................

9– उपजाति..............................................................................

10– शैक्षिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय /संस्था का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | अकं प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11– कार्य अनुभव (संस्था का नाम सहित)..............................................................................

12–सेवायोजन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या (यदि हो)–..............................................................................

**–::घोषणा::–**

मैं.............................................................................. एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रमाण पत्र एवं प्रविष्टियॉ मेरी जानकारी के अनुसार सही है यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाता है तो मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त कर दिया जाये और मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जाती है तो मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

संलग्नक–1–

2–

3–

4–

5–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम–..........................................................

स्थान–..........................................................

दिनांक–..........................................................